St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

FOR GOD AND COUNTRY

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

Hindi Text : (2nd Term) **(Answer Worksheet –10)** **Date: 20.08.2020**
Topic: मैं बादल हूँ **Class -3**

निम्न प्रश्नो के उत्तर दो :-

1 बादल के रंग - रूप का वर्णन करो |चिकना है |

उ- बादल साँवले रंग के होते हैं | उसका शरीर चिकना है |वह कई बार अपना रंग रूप बदलता रहता है | बादल कई आकार में दिखाई देते है | वह एक ओर सबको आकर्षक लगता है , वही दूसरी ओर शेर की तरह गरजता है |

2 बादल के घर - परिवार के विषय में बताओ |

उ- बादल सागर का पुत्र है | सूर्य - पुत्री किरण उसकी माँ है | उसके पिता सागर खारे स्वभाव के हैं |बादल की माँ भी तीखे और तेज़ स्वाभाव की है | बादल अपने को अच्छा पुत्र कहता है , क्योंकि वह शीतल स्वभाव का है |

3 बादल का सच्चा मित्र किसान कैसे है ?

उ- बादल का सच्चा मित्र किसान है , क्योंकि वह हमेशा बादल का इंतज़ार करता है | बादल गरजने से ही किसान खुश हो जाता है | किसान को समय पर बरसात का इंतज़ार रहता है , जिससे उसकी फसल की पैदावार अच्छी हो | बादल को भी किसान की विशेष चिंता होती है | किसान अन्नदाता है | अगर उसकी फसल अच्छी होगी तो सबका भला होगा |

4 बादल परोपकारी जीव कैसे है ?

उ- बादल को सभी लोगो के सुख की चिंता लगी रहती है |वह नदियों, तालाबों पोखरों को जल से भरता है | झरनों की सुंदरता बढ़ाता है | बागों में पेड़ो को फल से लादता है | बादल में रेगिस्तान को भी हरा - भरा बनाने की क्षमता है |

Poonam Mehra